UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

आयोग भवन, हरिद्वार–249404

दूरभाष : 01334–244282, फैक्स : 244282

वैबसाइटः www.psc.uk.gov.in

पत्रांक :: 133 / 52 / उ.कु.प्रसा. / सफाई निरीक्षक परीक्षा–2023 / गोपन–3/2023–24 दिनांक : 07 दिसम्बर, 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है दिनांक : 03 दिसम्बर, 2023 को आयोजित **शहरी विकास विभाग में पालिका केन्द्रीयित सेवा के अन्तर्गत सफाई निरीक्षक परीक्षा–2023 के प्रथम प्रश्नपत्र– सामान्य हिन्दी तथा द्वितीय प्रश्नपत्र– मूलभूत विज्ञान और लोक स्वास्थ्य की लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार)** की चारों सीरीज (A, B, C & D) की उत्तरकुंजी को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रसारित कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को चारों सीरीज के किसी प्रश्न एवं उत्तर विकल्प पर कोई आपत्ति है तो वह आयोग की वेबसाईट पर **Online Answer Key Objection** हेतु दिये गये लिंक पर जाकर अपनी आपत्तियों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार **दिनांक : 08 दिसम्बर, 2023 से 14 दिसम्बर, 2023 (समय रात्रि के 23:59:59 बजे तक)** तक दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान करना होगा।

आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक **Online Answer Key Objection** के अतिरिक्त ई–मेल, डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी द्वारा अन्तिम तिथि के उपरान्त प्रेषित आपत्तियों तथा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान नहीं किये जाने की दशा में प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर कुंजी के सापेक्ष आपत्ति दर्ज किये जाने से पूर्व आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देश सम्बन्धी विस्तृत विज्ञप्ति **पत्रांक :: 132 / 52 / उ.कु.प्रसा. / सफाई निरीक्षक परीक्षा–2023 / गोपन–3 / 2023–24 दिनांकः 07 दिसम्बर, 2023** का अध्ययन अवश्य कर लें।

-sd-

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव।